कार्यालय चयन समिति/अपर जिला जज, न्यायालय कक्ष सं0 1, इटावा

कार्यालय विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र सं0 14/एडमिन 'डी' सेक्शन दिनांकित 15.10.2022 के अनुक्रम में जनपद न्यायालय इटावा से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण में से ऐसे कर्मचारीगण जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण न हुई हो, अधोलिखित तालिका के अनुसार रिक्त पदों पर पुनर्नियुक्ति की जानी है। यह नियुक्ति पूर्णतयः अस्थायी होगी तथा एक वर्ष की अवधि के लिये (यदि पूर्व में ही समाप्त न कर दी जाये अथवा प्रोन्नति व सीधी भर्ती के माध्यम से भर्ती न हो जाये) तक की जायेगी।

निम्न पदों का वेतनमान सम्बन्धित पद पर आवेदक को मिलने वाले अन्तिम आहरित वेतन जिसमें से पेंशन की राशि काटकर मानदेय के रूप में देय होगा।

आवेदक अपना आवेदन दिनांक 20.01.2025 की सायं 05.00 बजे तक कार्यालय केन्द्रीय नजारत, जजी इटावा में प्रस्तुत कर सकते हैं।

क0सं0	पदनाम	रिक्तयों की संख्या
1	कार्यालय सहायक	50
2	आशुलिपिक	5
3	वाहन चालक	1
4	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	27

कार्यालय विज्ञप्ति समस्त न्यायालय के 65 वर्ष से कम आयु के सेवानिवृत्त कर्मचारीगण के मध्य परिचालित की जाये। सार्वजनिक प्रकाशन हेतु न्यायलय नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाये एवं न्यायालय की अधिकृत वेबसाइट पर अपलोड की जाये।

एक प्रति जिला सूचना अधिकारी इटावा को समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित की जाये।

04/01/2025

(अहसान हुसैन)
सदस्य चयन समिति/
अपर जनपद न्यायाधीश,